संख्या-क0नि0-4-574/11-2016-300 (32)/2016

प्रेषक,

धीरेन्द्र कुमार वर्मा
उप सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

कमिश्नर,
वाणिज्य कर
उ0प्र0 लखनऊ।

कर एवं निबन्धन अनुभाग-4 लखनऊःदिनांकः 24 अगस्त,2016

विषयः- वाणिज्य कर कार्यालय भवन झांसी में सीढ़ियों का निर्माण कराये जाने हेतु बजट 2016-17 से धनराशि की अवमुक्ति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-स0नि0-झांसी-04/का0भ0-सीढ़ियों का निर्माण कार्य/2016-17/216/वाणिज्य कर, दिनांक 05-07-2016 के संदर्भ मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वाणिज्य कर कार्यालय भवन झांसी में सीढ़ियों के निर्माण कराये जाने हेतु उ0प्र0 समाज कल्याण निर्माण निगम लि0 नन्दपुरा झांसी द्वारा गठित आगणन रू0 13.08 लाख की लागत अनुमोदित करते हुए चालू वित्तीय वर्ष 2016-17 के बजट में इस कार्य हेतु प्राविधानित धनराशि रू0 13.08 लाख (रूपये तेरह लाख आठ हजार मात्र) को अवमुक्त किये जाने की स्वीकृति श्री राज्यपाल निम्नलिखित शर्तों के अधीन प्रदान करते हैं-

(1) स्वीकृत धनराशि आहरित कर पी0एल0ए0/डिपाजिट खाते में नहीं रखी जायेगी। स्वीकृत धनराशि का उपयोग इसी वित्तीय वर्ष में किया जायेगा।

(2) स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिकाओं के सुसंगत प्राविधानों के अंतर्गत किया जायेगा तथा वित्त विभाग द्वारा समय-समय पर जारी मितव्ययिता संबंधी आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(3) प्रश्नगत स्वीकृति जिस कार्य/मद के लिये है, उसी कार्य/मद पर व्यय प्रत्येक दशा में किया जायेगा।

(4) मात्राओं को निर्माण के समय सुनिश्चित किये जाने का दायित्व कार्यदायी संस्था/आयुक्त वाणिज्य कर का होगा।

(5) कार्य प्रारम्भ करने के पूर्व यह अवश्य सुनिश्चित कर लिया जाय कि प्रस्तावित कार्य पूर्व में किसी अन्य योजना से नहीं कराया गया है, न ही किसी अन्य योजना में प्रस्तावित है।

(6) उक्त कार्य निर्धारित समयावधि में अवश्य पूर्ण कर लिया जायेगा।

(7) वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1/2016/बी-1-746 /दस-2016-231/2016, दिनांक 22-03-2016 में जारी दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाये।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय वर्तमान वित्तीय वर्ष 2016-17 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या-89 के अंतर्गत लेखाशीर्षक-4059-लोक निर्माण कार्य पर पूंजीगत परिव्यय-आयोजनेत्तर-01-कार्यालय भवन-051-निर्माण-1323-जनपद झांसी में वाणिज्य कर कार्यालय भवन में सीढ़ियों का निर्माण कार्य-24-बृहद निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

भवदीय

(धीरेन्द्र कुमार वर्मा)
उप सचिव।

संख्या-क0नि0-4-574 (1)/11-2016 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

(1) महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, इलाहाबाद।
(2) महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, इलाहाबाद।
(3) मुख्य कोषाधिकारी, झांसी।
(4) उ0प्र0 समाज कल्याण निर्माण निगम लि0, निर्माण इकाई, झांसी।
(5) वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-9।
(6) गार्डबुक।

आज्ञा से,

(धीरेन्द्र कुमार वर्मा)
उप सचिव।